(12)

प्रारूप 6

परियोजना का नाम :– **जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र कोटद्वार में पूर्व निर्मित लालढांग–चिल्लरखाल मोटर मार्ग के सिगड्डीस्रोत से चिल्लरखाल की ओर 3.300 कि0मी0 लम्बाई में ब्लैक टॉपिंग हेतु 0.990 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग, दुगड्डा को प्रत्यावर्तन।**

संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 4/12/18 को प्रश्नगत परियोजना के लिए वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव तैयार करने हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री बिन्दरपाल वन क्षेत्राधिकारी, लालढांग, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री सुदेश बिंजोला सहायक अभियन्ता तथा खण्डीय अमीन श्री राजेन्द्र सिंह रावत द्वारा संयुक्त निरीक्षण कार्य में भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु निम्नानुसार वन भूमि प्रभावित हो रही है।

आरक्षित वन भूमि 0.990 है0 सिविल सोयम भूमि 0.00 है0 वन पंचायत 0.00 है0 एवं नाप भूमि 0.00 है0 प्रभावित हो रही है। परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है (इस भूमि पर पूर्व में वन मार्ग निर्मित है) तथा आवेदित वन भूमि की मांग न्यूनतम है। परियोजना के निर्माण हेतु प्रस्तावक विभाग द्वारा सुझाये गये अन्य विकल्पों पर भी विचार किया गया व वर्तमान विकल्प/संरेखण को सर्वदा उपयुक्त पाया गया। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना है व इस परियोजना के निर्माण से विधान सभा क्षेत्र कोटद्वार के इस मार्ग से लगे समस्त गांवों की जनसंख्या लाभान्वित होगी तथा गढ़वाल मण्डल से उत्तराखण्ड राज्य की सीमान्तर्गत कुमांऊ मण्डल से जुड़ जायेगी।

आवेदित वन भूमि में किसी भी प्रजाति के कोई भी वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहे हैं। अतः वृक्ष विहीन क्षेत्र है (इस भूमि पर पूर्व में वन मार्ग निर्मित है)।

		प्रतिहस्ताक्षर
अमीन **नि0 ख0, लो0नि0वि0,** **दुगड्डा–गढ़वाल**	**सहायक अभियन्ता** **नि0 ख0, लो0नि0वि0,** **दुगड्डा–गढ़वाल**	**अधिशासी अभियन्ता** **नि0ख0, लो0नि0वि0,** **दुगड्डा–गढ़वाल**

			प्रतिहस्ताक्षर
वन बीट अधिकारी **लालढांग रेंज।**	**वन क्षेत्राधिकारी** **लालढांग रेंज।**	**उप प्रभागीय वनाधिकारी** **उप वन प्रभाग, कोटद्वार**	**प्रभागीय वनाधिकारी** **लैन्सडौन वन प्रभाग** **कोटद्वार**